दीपावली से पहले सड़कें सुधारें : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अगले दो माह फील्ड में रहने के निर्देश दिये

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अगले दो माह लगातार फील्ड मे मॉनिटरिंग करके बरसात से खराब हुई सड़को को दिपावली से पहले सही करवाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को निर्माण भवन मे आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होनें यह निर्देश दिए। उन्होनें सभी मुख्य अभियंताओं को सात-सात दिन लगाातार फील्ड में रहकर सड़क कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था की जाये की सड़क बनाने वाला ठेकेदार ही गांरटी अवधि में सड़क खराब होने पर अनिवार्य रूप से सड़क को सुधारे। यदि इसके लिए नियमों में कोई संशोधन करना हो तो करे। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मॉडल के प्रावधानों को शामिल करने के निर्देश भी दिए। रिपेयरिंग के दौरान भी वही सामग्री इस्तेमाल की जाये जो निर्माण के दौरान इस्तेमाल की गई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह डायरेक्टली जनता से जुड़ा हुआ विभाग है। हमें कमिटमेंट पर खरा रहना है और उसको पूरा भी कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसा सिस्टम विकसित किया जाये जिसमे डीपीआर बनाने से लेकर, कार्य आदेश जारी होने एवं निर्माण पूरा होने तक के लिए एक निश्चित टाइम टेबल सेट किया जाये ताकि लोगों को सुविधाओं का समय पर लाभ मिल सके।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया। उन्होनें कहा कि यह ऐप प्रदेश की सड़को की गुणवत्ता सुधार एवं उसको बरकरार रखने में मजबूत निरीक्षण प्रणाली विकसित करेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग में शिकायतों के समाधान (सड़क, भवन आदि) और संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के लिए एक ऑनलाइन निरीक्षण और शिकायत प्रबंधन (राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा) विकसित की गई है। इस पहल का उदेश्य सड़कों, भवनों आदि की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए सिस्टम में पारदर्शिता, दक्षता जवाबदेही को बढाना है। संबंधित अधिकारी द्वारा वर्ष मे दो बार (छ माह में एक बार) सड़क के प्रत्येक किलोमीटर एवं भवन का नियमित निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। संबधित अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण की जियो टेगिग फोटो ऐप पर अपलोड होगी। अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणी जैसे संतोषप्रद, असंतोषप्रद मय फोटो और आवश्यक कार्य का विवरण संबधित संवेदक को उसकी ईमेल पर प्राप्त होता है। संवेदक द्वारा इसकी अनुपालना किए जाने की रिपोर्ट भी मय सुधार कार्य के फोटो सहित संबधित अधिकारियों के अनुमोदन हेतु प्राप्त होती है। गौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विकसित किए गए इस ऐप पर सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री सहित जेईएन स्तर तक के अधिकारियों एवं लगभग 8000 संवेदकों की आईडी मेप की गई है। इस दौरान उन्होंने एनएचएआई, एनएच, आरएसएचए, आरएसआरडीसी के कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान राज्यमंत्री मंजु बाघमार, प्रमुख शासन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव डी आर मेघवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को निर्माण भवन में आायोजित समीक्षा बैठक में राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया।

- उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया

सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर का आयोजन

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत राज्यभर में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की ओर से सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को भाजपा जनता युवा मोर्चा की ओर से प्रदेश कार्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और इस पुनीत कार्य के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आव्हान किया।

राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई गाथा लिख रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व में देश का मान बढाया है और वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह है और भाजपा का बूथ स्तर का कार्यकर्ता उनके जन्मदिवस पर शुरू की गई सेवा की मुहीम में आहुति देने के लिए आतुर है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के इस मौसम में अस्पतालों में रक्त की कमी हो जाती है, ऐसे में युवा मोर्चा की पहल पर सेवा पखवाडा के तहत रक्तदान शिविरों का आयोजन कर पुनीत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के लिए अपने रक्त की एक-एक बूंद समर्पित करने के लिए तैयार है।

- भाजपा कार्यकर्ताओं के रक्त की एक-एक बूंद प्रदेश की जनता के लिए समर्पित : मदन राठौड़
- 17 से 19 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे रक्तदान शिविर : अंकित गुर्जर चेची

युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा संपूर्ण प्रदेश में प्रत्येक जिला स्तर पर 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज युवा मोर्चा जयपुर शहर की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए सुबह से ही युवाओं में उत्साह रहा। युवा मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरुवंशी ने बताया कि रक्तदान शिविर में सैंकडों युवाओं ने रक्तदान किया। जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री महेन्द्र कुमावत, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा नेता चन्द्रमनोहर बटवाड़ा, महामंत्री तेज सिंह, प्रदेश संयोजक सेवा पखवाड़ा नटवर सिंह किशनपुरा, प्रदेश सह संयोजक सेवा पखवाड़ा विक्रम चौधरी, दीपक शर्मा, जयपुर शहर सदस्यता अभियान संयोजक शैलेन्द्र भार्गव, अनिल शर्मा सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चनाना व शर्मा बने कार्यालय सह प्रभारी

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो कार्यालय सह प्रभारी रजनीश चनाना, भवानी शंकर शर्मा को बनाया है।

'आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलेगा सप्ताह में तीन दिन दूध'

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के 62 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले लगभग 36 लाख बच्चों को सप्ताह में 3 दिन दूध उपलब्ध करवाने हेतु प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। दिया कुमारी ने बुधवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी, निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आई सी डी एस) ओ पी बुनकर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में उक्त निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट के बिन्दु संख्या 88 में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को उचित पौष्टिक आहार के रूप में सप्ताह में तीन दिन दूध उपलब्ध करवाये जाना है। इस हेतु क्रय किये जाने वाले मिल्क पॉवडर पर 200 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय किये जायेंगे।

प्रदेश में 608 पावर प्लांट लगेंगे, किसानों को दिन में बिजली मिलेगी : आलोक

जयपुर। पीएम कुसुम योजना के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में उद्यमिता के नए युग की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बिड़ला सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक के जिन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, उनमें ऊर्जा विभाग के 7,167 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्य शामिल हैं। इनमें 1863 करोड़ के कार्य प्रसारण क्षेत्र में हैं तथा शेष डिस्कॉम्स के हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कुसुम कंपोनेंट-सी योजना के अन्तर्गत एक साथ 608 सोलर प्लांटों का शिलान्यास किया। इन प्लांटों के जरिए 5 हजार 254 करोड़ रूपए का निवेश होगा और 1501 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकेगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने बताया कि योजना के माध्यम से करीब 2 हजार नए उद्यमी सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ सकेंगे और आने वाले समय में उद्यिमता की इस अलख से प्रदेश में हर गांव-ढाणी रोशन होगी।

उन्होंने बताया कि परिवर्तित बजट में वर्ष 2027 तक किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली देने का संकल्प व्यक्त किया गया इस संकल्प की प्राप्ति की दिशा में यह विकेन्द्रित सोलर प्लांट मील का पत्थर साबित होंगे। इनमें जयपुर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 266 मेगावाट के 118, अजमेर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 221 मेगावाट के 103 तथा जोधपुर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 1014 मेगावाट के 387 सोलर प्लांट हैं।

- प्रदेश में कुसुम योजना का त्वरित क्रियान्वयन, मात्र 9 माह में 4385 मेगावाट के कार्यादेश

आलोक ने बताया कि इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से मिलने वाली न्यूनतम प्रसारण छीजत की बिजली से विद्युत वितरण निगमों को अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने में मदद मिलेगी। योजना में भारत सरकार द्वारा सोलर प्लांट की लागत के अधिकतम 30 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है जिससे फीडर लेवल सोलराइजेशन को गति मिल रही है। कृषि उपभोक्ताओं की बिजली की मांग को पूरा करने के लिए डिस्कॉम्स के सब स्टेशन के पास ग्रिड से जुड़े सौर बिजली संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के त्वरित फैसलों से कुसुम योजना के क्रियान्वयन को गति मिली है। प्रदेश में अब तक कुल 4 हजार 524 मेगावाट संयंत्रों के कार्यादेश दिए जा चुके हैं जिनमें से वर्तमान राज्य सरकार द्वारा मात्र 9 माह के अल्प समय में ही 4 हजार 385 मेगावाट संयंत्रों के कार्यादेश जारी किये गये हैं। इनसे 3 लाख 26 हजार कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने इस समारोह में 33/11 केवी के 2 सब स्टेशन, 132 केवी के 14 तथा 220 केवी के 11 जीएसएस का शिलान्यास किया और 33/11 केवी के 19 सब स्टेशन, 132 केवी के 8 जीएसएस तथा झालरापाटन एवं चौमहला (झालावाड़) में नए सहायक अभियंता कार्यालयों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमि. तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के मध्य संयुक्त उपक्रम कंपनी की स्थापना के लिए हस्ताक्षर किए गए। एनटीपीसी ग्रीन की ओर से सीईओ राजीव गुप्ता तथा निगम की ओर से सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी ने हस्ताक्षर किए। संयुक्त उपक्रम कंपनी से राज्य में 25 हजार मेगावाट की अक्षय उर्जा परियोजनाओं की स्थापना को गति मिलेगी। इसकी स्थापना के लिए इस वर्ष 10 मार्च को एमओयू किया गया था। जिसके जरिए राज्य में लगभग 1 लाख करोड़ रूपए का निवेश होगा।

कार्यक्रम में जैसलमेर के भैसाड़ा गांव में एनटीपीसी रिन्यूबल एनर्जी लि. की 160 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान डिस्कॉम्स एवं सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के मध्य पावर सेल एग्रीमेंट हस्ताक्षिरत किया गया था। इस परियोजना से राज्य को 2 रूपए 8 पैसे प्रति यूनिट की दर से प्रतिवर्ष लगभग 44 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी। इसके अलावा पहले से ही स्थापित 570 मेगावाट परियोजना को मिलाकर यह क्षमता अब 730 मेगावाट हो जाएगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश को 2 रूपए 8 पैसे से 2 रूपए 30 पैसे प्रति यूनिट की आसान एवं सस्ती दर से बिजली मिलेगी। यह दर एनर्जी एक्सचेंज से वर्तमान में की जा रही खरीद की औसत 4 रूपए 76 पैसे प्रति यूनिट की दर से बहुत कम है।

उपचुनावों में भी परिवारवाद बनेगा कांग्रेस की उलझन

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में 7 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी में प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों से चर्चा की और फीडबैक लिया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मीडिया से बात करते हुए अरविंद केजरीवाल को भाजपा की बी टीम बताया। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री और भाजपा की आपत्तिजनक बयानबाजी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इसके खिलाफ गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस के मंथन में इन उपचुनावों में टिकट वितरण को लेकर उलझन भी सामने आ रही है कि क्या सांसदों के परिवारों में से टिकट दिया जाए या नए चेहरों पर दाव खेला जाए। हालांकि पार्टी की उलझन को दूर करते हुए दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा ने कहा कि उनके परिवार से कोई उम्मीदवार नहीं बनेगा, लेकिन झुंझुनू में ओला परिवार सीट छोड़ने के मूड में नजर नहीं आ रहा। वहीं देवली उनियारा में फिलहाल हरीश मीणा परिवार से कोई नाम सामने नहीं आया, लेकिन वहां कोई स्थानीय भी दमदार नहीं है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राहुल गांधी पर आपत्तिजनक बयान देने के मामले को लेकर सांसद कंगना रनौत और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित अन्य भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए रवनीत सिंह को पंजाब का गद्दार बताया और कहा कि उनके दादा सरदार बेअंत सिंह पंजाब के मंत्री, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और मुख्यमंत्री रहे। अब रवनीत सिंह कह रहे हैं कि पंजाब में आतंकवाद फैलाने वाली कांग्रेस थी।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि पंजाब से कांग्रेस ने आतंकवाद का खात्मा किया है। ऐसी अनर्गल बयानबाजी करने वाले नेताओं पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। बिट्टू को तो चलना ही राहुल गांधी ने सिखाया है। वो अपने दादा की पगड़ी को कलंकित कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को लेकर उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें जमानत मिली।

- हालांकि मुरारी मीणा ने परिवार की उम्मीदवारी से इंकार किया,लेकिन ओला परिवार झुंझुनू पर दावा छोड़ने को तैयार नहीं

34 हजार परिवारों को 2 अक्टूबर को पट्टे दिये जायेंगे : दिलावर

जयपुर। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जाति के 34 हजार परिवार चिन्हित किये गए हैं, चिन्हीकरण का कार्य जारी है। इन्हें 2 अक्टूबर को पट्टे दिये जायेंगे। दिलावर ने कहा कि पूरी जनसंख्या के 6 से 8 प्रतिशत विमुक्त, घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू जाति के लोग हैं। ये लोग एक जगह पर निवास नहीं करते। अधिकांश के पास पहचान पत्र भी नहीं हैं। इसलिए इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

इनके उत्थान के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी 32 जातियों के व्यक्तियों को 2 अक्टूबर तक निःशुल्क भूखंड उपलब्ध करवाएंगे। ताकि ऐसे गरीब लोगों को भी अपना आशियाना बनाने का मौका मिल सके। इन जातियों की पूर्व में बहुत उपेक्षा हुई है। ये हमारे प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण जातियाँ है। इनकी देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।इन्होंने क्रान्तिकारियों का भी सहयोग किया है। सरकार ने सोचा है कि इन्होंने बलिदान दिया है, इनको यथोचित अधिकार दिलाने चाहिए। इनके पूर्वजों का उपकार मानना चाहिए। इनके पास आवासीय भूखंड नहीं है और घूम-घूमकर अपनी आजीविका चलाते हैं। इन्हें आवासीय भूखंड मिलने चाहिए।

उन्होंने परिवार की परिभाषा के बारे में कहा कि 21 वर्ष से छोटा यदि अविवाहित है तो उसके माता-पिता सहित सब एक परिवार होगा और 21 वर्ष से बड़ा हो तथा शादीशुदा हो तो एक परिवार माना जायेगा।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति को भाव भरी विदाई दी

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जयपुर से लौटने पर बुधवार को हवाई अड्डे पर भाव भरी विदाई दी। इससे पहले उन्होंने द्रौपदी मुर्मु का राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। उन्होंने मुर्मु को राजभवन के अतिथि गृह में शॉल ओढ़ाकर और इस संक्षिप्त यात्रा के स्मरण स्वरूप राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी की हुई फूल-पत्ती, मयूर उकेरा हुआ स्मृति चिन्ह प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने भी राज्यपाल को अपनी ओर से शॉल ओढ़ाते हुए, राष्ट्रपति भवन का कलात्मक मढ़ा हुआ छायाचित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

कांग्रेस की गारंटी चीन के खिलौने की तरह है : डॉ. सतीश पूनिया

चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस ने 7 गारंटी और 15 वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी चीन के खिलौने की तरह है, जो जल्दी ही टूट जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर यह गाना फिट बैठता है, वादा तेरा वादा-वादे पर मारा गया बंदा सीधा-साधा। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए हैं, वो महज चुनावी जुमले ही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वादा तोड़ने, जनता के साथ छलावा करने, धोखा देने और भ्रमित करने में महारत हासिल है।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा के वोट के बदले नौकरियां देने के बयानों ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस पर्ची और खर्ची की नीति को वापस लाना चाहती है। कांग्रेस को घेरते हुए डा. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा कर रही है, लेकिन भाजपा की नायब सरकार पहले ही हरियाणा में 500 रुपये का गैस सिलेंडर दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल राज करने के बाद भी किसानों के लिए एमएसपी पर अपनी जुबान नहीं खोली।

'सरकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना से काम करें'

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिये सभी एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना के साथ काम करें, जिससे कि सहकारिता के माध्यम से समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं और परिस्थितियों को देखते हुये अधिक से अधिक नवाचारों को अपनाये तथा आमजन के साथ संवेदनशील होकर काम करें।

दक ने बुधवार को सहकारिता विभाग में नवनियुक्त 29 सहायक रजिस्ट्रार एवं 40 सहकारिता निरीक्षकों के आमुखीकरण के लिये अपेक्स बैंक के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि सहकारिता में विकास की अकूत संभावनायें हैं और हमारा प्रयास होना चाहिये कि कोई भी व्यक्ति सहकारिता से वंचित नहीं रहे। उन्होंने नवनियुक्त सहायक रजिस्ट्रार एवं निरीक्षकों से कहा कि आप फील्ड में पारदर्शी एवं खुलेपन के साथ कार्य करें ताकि लोगो की सहकारिता में विश्वसनीयता बढे। सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र "एक सबके लिये, सब एक के लिये" में विकास की कभी खत्म न होने वाली उर्जा विद्यमान है। इसलिये हमें सभी को मिलकर कार्य करना होगा। शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारिता की मूल भावना को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करें ताकि वंचित लोगों को योजनाओं को सही समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सहकारिता मूलतः कृषक, कृषि और कृषक कल्याण से संबधित है। इसलिये हमें अपनी मानसिकता को अधिक से अधिक संवेदनशील बनाना होगा।

नव नियुक्त अधिकारियों को संबोधित करते हुये शासन सचिव ने कहा कि आपके द्वारा अर्जित शिक्षा, कार्यानुभव और आपका जिस परिवेश् में लालन पालन हुआ है, के साथ सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये पूर्ण उर्जा के साथ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करते समय अधिक से अधिक लोगों के साथ जुडने का प्रयास करें ताकि उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि आप अधिक से अधिक नियमों की जानकारी रखते हुये कार्य करें ताकि आमजन को परेशानी न हो। इस प्रकार काम करें कि आमजन की समस्याओं का अंतिम पडाव आपका कार्यालय ही हो। आमुखीकरण समारोह में विशिष्ट सहायक, सहकारिता मंत्री एस. एस. नेगी, संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार जांगिड, प्रबंध संचालक, अपेक्स बैंक संजय पाठक, तकनीकी सहायक, रजिस्ट्रार कार्तिकेय मिश्र, विशिष्ठ अधिकारी, सहकारिता मंत्री पंकज भानू सिंह, महाप्रबंधक, अपेक्स बैंक संदीप खण्डेलवाल सहित सहकारिता विभाग अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बुधवार को सहकारिता विभाग में नवनियुक्त सहायक रजिस्ट्रार एवं सहकारिता निरीक्षकों के आमुखीकरण के लिये अपेक्स बैंक के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित किया।

- नवाचार अपनाएं और आमजन के प्रति संवेदनशील बनकर काम करें : सहकारिता मंत्री

तीये की बैठक

अत्यन्तः दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय मातजी **रामदुलारी शर्मा** का देहावसान 17-09-2024 को हो गया है, तीये की बैठक गुरूवार 19.09.2024 को 4:30 बजे से 5:30 बजे तक केशव नगर, सामूदायिक केन्द्र, सिविल लाईन्स पर होगी।

शोकाकुलः आलोक-रीटा, विभूति-मंगला (पुत्र-पुत्रवधु) सरला-यतीन्द्र कुमार, वसुन्धरा, वन्दना-निर्मल कुमार, पूजा-अनिल (पुत्री - दामाद), अंशुला - अंशुमन (पौत्री-दामाद) एवम् समस्त ठेकेदार परिवार राजगढ, समस्त पटेल परिवार मालाखेडा

9414059322, 8949856855

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मैं अंजलि सिंह पुत्री घनश्याम सिंह, निवासी एस-85 प्रेम नगर निकट - लोटस हाउस, रोड नं. -17 वी.के.आई क्षेत्र आकेदा डूंगर, जयपुर राजस्थान - 302013. मै यह घोषणा करती हूँ, मेरा नाम 10वीं व 12 वीं की मार्कशीट, शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज़ में गलती से अजंलि हो गया है, परन्तु मेरा वास्तविक नाम अंजलि सिंह है और इसी नाम से जाना जाता है। जिसमें तदनुसार संशोधन किया जा सकता है।

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
क्रमांकः-एफ-55 ( ) वि. जोन /न.नि.ज. (ग्रे) /2024 /1802
सार्वजनिक सूचना दिनांकः 18.09.2024
भूखण्ड संख्या 23, महाराणा प्रताप नगर, (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री दुर्गा सिंह राठौड पुत्र श्री गणपत सिंह राठौड को क्षेत्रफल 163.33 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री संजेश दुबे पुत्र श्री राम खिलारी दुबे, श्री विकास दुबे पुत्र श्री संजेश दुबे द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। **उपायुक्त विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सलीम अहमद पुत्र श्री जमील अहमद, निवासी-म.नं.3668, नीढड राव जी का रास्ता, चांदपोल बाजार जयपुर राजस्थान के पुत्र शादाब आयु-30 वर्ष अभिभाष्य के कहे मे नही है मेरे अभिभाष्य का कहना नही मानता है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र शादाब को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। अब मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र बेदखल शादाब से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य किसी प्रकार से उत्तरदायी नही होगा। सूचित रहे।
जयपुर (मोहम्मद साबिर कुरैशी) एडवोकेट
दिनांक 18/9/2024 मो.नं.-9828168963

खोया पाया

निजी खातेदारी की योजना रॉयल एनक्लेव प्लॉट नंबर ए-159 का ओरिजिनल जेडीए का मूल पट्टा व समस्त पेपर कहीं गुम हो गये है मिलने पर संपर्क करें कुमुद प्रधान 8302058201

मेरे भूखण्ड सं. 28 व 29 हनुमान नगर- डी के मूल आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान जो कि मोती भवन गृ. नि. स. स. लि. के नाम से थे जो बगरू से जयपुर जाते समय कही खो गये है सूचित करे। कल्याण मल मो.नं.-7340203524

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 24/2024
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश कम सं.10, सांगानेर जयपुर प्रथम
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रथुम्न चतुर्वेदी बनाम हर आम खास
प्रार्थी नाम प्रथुम्न चतुर्वेदी पुत्र देवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान सारणी (क) शेयर से संबन्धित मृतक बीना चतुर्वेदी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 21.10.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम बीना चतुर्वेदी पत्नी देवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी जाति ब्राह्मण निवासी प्लाट नं.55/131, रजत पथ जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 10 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 9 माह 9 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम न्यायालय सांगानेर
मोहर अदालत

नाम परिवर्तन

मैं आभा त्रिपाठी, आर्मी नंबर 15243537H लांस नायक विकास शर्मा की पत्नी हूँ, मेरे पति यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट में है, सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम आभा शर्मा है जो कि गलत है। मेरा असली और सही नाम आभा त्रिपाठी है,शपतपत्र नोटरी दिनांक 17 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मैं आर्मी न. 16027922P नायक अविनाश पुत्र महेश सिंह निवासी गांव डीह बुचौली थाना जंदाहा जिला वैशाली अपने हल्फ से बयांन करता हु की मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम महेश कुमार दर्ज है जो की गलत है। मेरे पिता का सही नाम महेश सिंह है जोकि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में दुरुस्त किया जाये।

मैंने मेरा नाम सुधेंदू पुत्र श्री ऋषि देव मणि तिवारी से बदलकर सुधेंदू तिवारी पुत्र श्री ऋषि देव मणि तिवारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी- LIG A/204, अवनि होम्स बिलवा, सांगानेर, जयपुर

मैं, पुष्पा राठौड़ पत्नी श्री धर्मपाल सिंह, निवासी 32, तिलक विहार, गोकुलपुरा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर। मैंने अपना नाम पुष्पा से बदलकर पुष्पा राठौड़ रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जानी जाऊँगी।

I have